हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 22 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

पर्यावरणीय स्वीकृति के इंतजार में रजगामार खदान से कोयला उत्पादन बंद

2



## खबर संक्षेप

### महामण्डलेश्वर महंत का जिले में तीन दिवसीय प्रवास आज से

**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त का एकदिवसीय प्रवासमहामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ का एक दिवसीय तीन जिले के प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त रविवार 22 मार्च को तीन जिले की प्रवास पर रहेंगे। शाम 5 बजे उनका आगमन शिवरीनारायण मठ होगा तथा शाम 6:30 बजे वे ग्राम मुड़पार पहुंच कर श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होंगे। रात्रि 10 बजे उनका आगमन श्री दूधाधारी मठ रायपुर होगा।

### सक्ती में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज

**सक्ती।** बदलते जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण, धूम्रपान और अनियमित दिनचर्या के कारण तेजी से बढ़ रही फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। छाती, एलर्जी एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार डनसेना द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लंग्स एंड चेस्ट केयर क्लीनिक, श्री प्लाजा अशोक नगर चौक, इंडियन कॉफी हाउस के पास सरकंडा बिलासपुर में आयोजित होगा, जहां मरीजों का निःशुल्क पंजीयन एवं विशेषज्ञ परामर्श किया जाएगा। शिविर में फेफड़ों एवं छाती से जुड़ी विभिन्न बीमारियों जैसे बार-बार सर्दी-खांसी, अस्थमा का इलाज करेंगे।

### सड़क से लगे ठेलों-खोमचों के फेर में बढ़ रही दुर्घटनाएं

# हाइवे पर हादसा रोकने की कवायद अतिक्रमण हटाने चला बुलडोजर





जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नेशनल हाइवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने अभियान छेड़ दिया है। हाइवे के किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नेशनल हाइवे से लगे ठेले, खोमचों को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवाया।

जिले में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। नेशनल हाइवे पर हर दिन कही ना कही हादसे हो रहे है। एनएच पर भारी वाहनों के दबाव और अतिक्रमण के कारण कई जगह पर डेंजर स्पॉट बन गए है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन द्वारा सड़क हादसों में कमी लाने प्लान तैयार किया गया है। कई स्थानों पर सड़क से लगे अतिक्रमण जानलेवा साबित हो रहे है। सुकली चौक, मुनुंद चौक, खोखरा चौक और पिसौद चौक में नेशनल हाइवे के किनारे कई तरह के अतिक्रमण से इन स्थानों पर जरा सी चूक से हादसे हो रहे है। सुकली चौक में चार माह पहले भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह खोखरा चौक में भी कई जान जा चुकी है। पिसौद और मुनुंद चौक में भी आए दिन हादसे हो रहे है। इनका प्रमुख कारण एनएच पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को माना जा रहा है। ऐसे में इन स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिए टीम बनाई गई है। टीम द्वारा अभियान चलाकर इन स्थानों से अतिक्रमण को हटवाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने बताया कि एसडीएम जांजगीर, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग एवं निर्माण एजेंसी द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सुकली चौक, मुनुंद चौक, खोखरा चौक और पिसौद चौक में एनएच पर किए गए अतिक्रमण हटवाया गया। उल्लेखनीय है कि एनएच पर ट्रक, ट्रेलर, हाइवा जैसे भारी वाहन तेजी से चलते है। ऐसे में सड़क किनारे हुए अतिक्रमण के कारण हादसों की स्थिति निर्मित हो जाती है। एनएच पर बने चौराहों के आसपास ठेले, खोमचे बना लिए गए है। वहीं होटल और ढाबा वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसके कारण वाहन चालकों को सामने का दृश्य स्पष्ट नहीं हो पाता और हादसे हो जाते है। इस पर रोक लगाने प्रशासन कार्रवाई में जुट गया है।

### भारी वाहनों की भी हो रही जांच

एनएच पर सडक हादसे रोकने पुलिस प्रशाासन द्वारा भारी वाहनों की भी जांच की जा रही है। वाहन चालकों को साथ में हेल्पर रखने निर्देशित किया जा रहा है। साथ ही हेल्पर नहीं रखने पर कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस ने ऐसे करीब 150 भारी वाहनों की जांच कर कार्रवाई की है, जिनमें हेल्पर नहीं थे। हेल्पर की मौजूदगी नहीं होने से सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों की समय पर चालक को जानकारी नहीं मिल पाती। जिसके कारण बड़ी दुर्घटना हो जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रक, ट्रेलर, हाइवा जैसे भारी वाहनों की जांच और कार्रवाई की जा रही है।

# मनरेगा कार्य में मनमानी तकनीकी सहायक की छुट्टी

### 19 लाख से अधिक की गड़बड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मनरेगा के काम में 19 लाख से अधिक की अनियमितता के मामले में तकनीकी सहायक की सेवा समाप्त कर दी गई है। डभरा ब्लाक के ग्राम पंचायत गोबरा में मनरेगा के कार्य में गड़बड़ी करने पर तकनीकी सहायक के खिलाफ कार्रवाई हुई है।



गौरतलब है कि सक्ती जिले के जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोबरा में मनरेगा के तहत हुए कार्य में अनियमितता की शिकायत सामने आई थी। मनरेगा में 19.28 लाख की अनियमितता की शिकायत हुई थी। बिना काम के भुगतान करने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत गोबरा में मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2023 में स्वीकृत कार्य छुहीपाली माइनर एवं सिंघरा वितरक नहर पुनरुद्धार कार्य की जांच कराई गई। जांच में उक्त स्वीकृत कार्य नहीं होना पाया गया। इस पर नियमानुसार आरोप पत्र जारी कर 15 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया। जवाब नहीं मिलने पर अंतिम अवसर प्रदान करते हुए तकनीकी सहायक जनपद पंचायत डभरा संजय धीरहे को कारण बताओ नोटिस जारी कर उत्तर प्रस्तुत करने कहा गया।

तकनीकी सहायक संजय धीरहे द्वारा प्रस्तुत जवाब में संबंधित कार्य नहीं किया जाना स्वीकार किया गया, साथ ही गलत तरीके से मूल्यांकन किया जाना भी पाया गया।

उक्त कृत्य को अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में पाते हुए छत्तीसगढ़ संविदा सेवा भर्ती नियम 2012 के तहत तकनीकी सहायक जनपद पंचायत डभरा संजय धीरहे की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने मनरेगा कार्य में अनियमितता पर कार्यवाही करते हुए तकनीकी सहायक की सेवा समाप्त कर दी है।

## कच्ची महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**सक्ती।** कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी स्थित ठाकुर डबरी में कुछ व्यक्तियों द्वारा हाथ भट्ठी के माध्यम से अवैध कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान तीन आरोपियों से दो स्कूटी वाहनों में जूट की बोरियों में कच्ची महुआ शराब भरकर बिक्री हेतु ले जाते हुए पकड़े गए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। साथ ही शराब निर्माण स्थल पर जाकर देखा गया कि हाथ भट्ठी से शराब बनाई जा रही थी, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। पुलिस ने दो स्कूटी वाहन और शराब बनाने का सामान भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी हरदी निवासी 19 वर्षीय बादल खूंटे, 20 वर्षीय लक्ष्मी खूंटे, 19 वर्षीय हुनेश बंजारे को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) 42 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



## क्राइम की खबरें

### जनगणना फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 से 29 मार्च तक

**कोरबा।** जनगणना 2027 अंतर्गत नियुक्त फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 23 मार्च से 29 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा (जोन क्रमांक 1 से 7 तक), नगर पंचायत पाली, छुरीकला, नगर पालिका परिषद दीपका, बांकीमोंगरा, कटघोरा के सभी फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 23 से 25 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इसी तरह तहसील कोरबा, कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ीउपरोड़ा, दर्री, हरदीबाजार, बरपाली, भैंसमा, दीपका, पसान, अजगरबहार के सभी फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 26 से 29 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

### इतवारी- कोरबा के बीच 23 से 28 मार्च तक चलेगी नवरात्रि स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चैत्र नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगने वाले मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- कोरबा के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी 23 से 28 मार्च तक चलेगी। इस दौरान यह ट्रेन 63 स्टेशनों पर रुकेगी और 14 घंटे 30 मिनट में पूरी दूरी तय करेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेन नंबर 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)– कोरबा मेमू स्पेशल सुबह 5 बजे इतवारी से रवाना होगी और मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए शाम 7.30 बजे कोरबा पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 06884 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू स्पेशल कोरबा से सुबह 5.10 बजे रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 7.30 बजे इतवारी पहुंचेगी। इतवारी से चलकर ट्रेन सुबह 9.06 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 9.11 बजे आगे के लिए रवाना होगी। वापसी में कोरबा से आने वाली ट्रेन दोपहर 1.41 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 5 मिनट ठहराव के बाद इतवारी के लिए रवाना होगी।

### खाद्य आपूर्ति एवं परिवहन की निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष सक्रिय

**कोरबा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नवां रायपुर से प्राप्त निर्देशों के तहत जिले में आवश्यक वस्तुओं, विशिष्ट केरोसिन तथा डीज़ल/पेट्रोल के सुचारु वितरण और परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों, सुझावों तथा आवश्यक जानकारी का संकलन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन हेतु जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें श्रीमती उर्मिला गुप्ता, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 7869990067), पारस सोनी, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 9479045059), रवि कुमार यादव, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 8319129386), सुरेश लांजी, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 7723954059), नवीन तिवारी, सहायक प्रबंधक (मोबाइल 7879818309) तथा पंकज कुमार अग्रवाल, लिपिक दैनिक वेतनभोगी, खाद्य शाखा कोरबा (मोबाइल 8319363959) शामिल हैं। ये सभी अधिकारी समय-समय पर नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध रहकर प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं को संबोधित करेंगे। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 9691901259 जारी किया गया है।

### फैजान ने गेट की परीक्षा में 20वां स्थान किया प्राप्त

**कोरबा।** कटघोरा नगर के छात्र फैजान



वसीम ने गेट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 20वां हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। फैजान वसीम ने ईएस विषय में यह सफलता प्राप्त की। उन्होंने 100 में से 58 अंक हासिल कर 814 का गेट स्कोर प्राप्त किया, जो इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन माना जाता है। गेट देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है, जिसमें टॉप रैंक हासिल करना बड़ी उपलब्धि है।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

खनिज विभाग की अवैध भंडारण व उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रैक्टर, जेसीबी, हाइवा जप्त

# रेत का अवैध कारोबार करने वालों पर गिरी गाज, 34 वाहन किए गए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिला खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार को जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ व्यापक और प्रभावी अभियान चलाया और संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 34 वाहनों को पकड़कर जब्त किया गया।

खनिज विभाग के उप संचालक प्रमोद नायक द्वारा बताया गया कि पोड़ी-उपरोड़ा के पोड़ी तथा पसान क्षेत्र में अवैध परिवहन करते पाए गए 5 वाहनों पर कार्यवाही की गई। कटघोरा क्षेत्र में 8 ट्रैक्टर और एक हाईवा को अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर रोककर जब्ती की कार्रवाई की गई। कोरबा क्षेत्र में 9 वाहन और एक जेसीबी मशीन को अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए पकड़ा गया। पाली क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई, जहां 6 वाहनों पर अवैध गतिविधियों के लिए प्रकरण दर्ज किया गया। भैसमा क्षेत्र में एक चैन-माउंट मशीन, तीन हाईवा तथा एक अवैध मिट्टी उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई पूरी की गई। जिले में कुल 34 वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित प्रकरणों में खान और खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 1 से 19 मार्च तक खनिज विभाग द्वारा अवैध भंडारण के दो प्रकरण, अवैध उत्खनन के 9 प्रकरण और अवैध परिवहन के 31 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिन पर कुल 13 लाख 36 हजार 427 रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19 मार्च तक अवैध परिवहन के 326 प्रकरण, अवैध उत्खनन के 37 प्रकरण एवं अवैध भंडारण के 13 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इन सभी 376 प्रकरणों में कुल 98 लाख 51 हजार 922 रुपये का अर्थदंड आरोपित कर वसूला जा चुका है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिट्टी, मुरूम, मिट्टीदृईंट, रेत और कोयला खनिज से संबंधित अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



जेसीबी मशीन की जब्ती की कार्यवाही करते अधिकारी।




जब्त ट्रक।

### अलग-अलग अनुभाग में हुई कार्रवाई

कोरबा एसडीएम सरोज महिलांगे के नेतृत्व में तहसीलदार बरपाली सत्यपाल राय और राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम चिचोली में छापेमारी की। इस कार्रवाई में अवैध रेत परिवहन के सात प्रकरण दर्ज किए गए और सभी सात ट्रैक्टर जब्त किए गए। कोरबा तहसील क्षेत्र में तहसीलदार बजरंग साहू की टीम ने अवैध रेत उत्खनन में जुटे दो ट्रैक्टर और एक जेसीबी को पकड़ा। इनमें से एक ट्रैक्टर और जेसीबी को बरबसपुर घाट से तथा एक ट्रैक्टर को ग्राम बरीडीह घाट से जब्त कर थाना उरगा के सुपुर्द किया गया। अनुविभाग पाली में एसडीएम रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसीलदार भूषण मंडावी और राजस्व अमले ने भी कड़ी कार्रवाई की। पाली क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त पांच ट्रैक्टर पकड़े गए। कटघोरा अनुविभाग में एसडीएम तन्मय खन्ना के नेतृत्व में कटघोरा, दीपका और दर्री तहसीलों में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में कुल सात ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़े गए, जिनमें कटघोरा तहसील से तीन, दीपका तहसील से तीन और दर्री तहसील से एक ट्रैक्टर शामिल है। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि आज अवैध रेत उत्खनन-परिवहन के 5 प्रकरण दर्ज किए गये है। पोड़ी में 3 ट्रैक्टर और पसान तहसील में 2 ट्रैक्टर जब्त किया गया है।

# नवरात्रि के पहले दिन शराब की बिक्री गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि शुरू होते ही हर साल शराब की बिक्री सुस्त पड़ जाती है और आबकारी विभाग का टेंशन भी बढ़ जाता है लेकिन इस बार नवरात्रि के पहले दिन पूर्व की तरह ही औसत बिक्री हुई है। जिसमें पहले दिन ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए की शराब की बिक्री हुई है। जिले में अमूमन आम दिनों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है जिले के सभी देशी विदेशी दुकानों में ग्राहकों के डिमांड के अनुसार लगातार शराब मुहैया कराई जा रही है लेकिन नवरात्रि शुरू होने के साथ ही 9 दिनों तक शराब की बिक्री में लगभग 15 से 20 फ़ीसदी गिरावट दर्ज की जाती है लेकिन इस साल नवरात्रि के पहले दिन औसत बिक्री हुई है।

आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार नवरात्रि के पहले दिन जिले में 1 करोड़ 52 लाख 67 हजार 940 की शराब की बिक्री हुई है। जिसमें देशी की 59 लाख 35 हजार 400 और विदेशी शराब की 93 लाख 32 हजार 540 रुपए की बिक्री हुई है। जबकि वहीं दूसरी ओर 18 मार्च को जिले में 1 करोड़ 66 लाख रुपए की शराब की बिक्री हुई थी जो 18 मार्च की अपेक्षा 19 मार्च को लगभग 14 लाख की बिक्री कम हुई है लेकिन आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि अब आठ दिनों तक बिक्री और भी कम दर्ज की जाएगी। यह आंकड़ा डेढ़ करोड़ से काम भी रहेगा। हर साल नवरात्रि में शराब की बिक्री बहुत कम हो जाती है क्योंकि ज्यादातर शराब प्रेमी पूरे 9 दिनों तक शराब से तौबा कर लेते हैं जिसका सीधा असर आबकारी विभाग में पड़ता है। आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि 15 से 20 फ़ीसदी तक नवरात्रि में गिरावट दर्ज की जाती है। इस साल भी संभावना जताई जा रही है कि लगभग 15 से 20 फ़ीसदी गिरावट दर्ज की जाएगी लेकिन जैसे ही नवरात्रि समाप्त होगी इसके बाद शराब की बिक्री में उछाल दर्ज हो जाती है।

**खास बात**

- जिले में 93 लाख की विदेशी तो 59 लाख की बिकी देशी शराब



### नॉनवेज मार्केट भी हुआ डाउन

नवरात्रि प्रारंभ होते ही सभी देवी मंदिरों में आस्था की बियार बहती है। लोग सुबह व शाम बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचकर आस्था की ज्योत जलाते हैं। यही वजह है कि जहां 9 दिनों तक शराब की बिक्री में काफी गिरावट दर्ज हो जाती है तो वहीं दूसरे और नॉनवेज मार्केट भी सुस्त हो जाता है। बताया जाता है कि नवरात्रि होने की वजह से मुर्गा, मछली और अन्य नॉनवेज के मार्केट में काफी गिरावट दर्ज हो जाती है जिसके चलते इस कारोबार से जुड़े लोगों को भारी आर्थिक नुकसान भी होता है।

# महापौर ने नवस्थापित अशोक स्तंभ का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर निगम कोरबा द्वारा तानसेन चैक में नवस्थापित अशोक स्तंभ का करतल ध्वनि के बीच लोकार्पण किया। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, चन्द्रलोक सिंह, ममता यादव, लक्ष्मण श्रीवास, राकेश वर्मा, प्रताप सिंह कंवर, चेतन सिंह मैत्री, पंकज देवांगन आदि के साथ अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ऊर्जानगरी कोरबा के शहर सौदंर्यीकरण व चौक-चौराहों के सौदंर्य को बढ़ाने, उपेक्षित पडे. स्थलों को क्रिएटिव कार्नर की पहल से सुसज्जित करने तथा सार्वजनिक स्थलों को सजाने संवारने की दिशा में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे हैं। शहर की सौदंर्यीकरण की ओर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुये निगम के प्रशासनिक भवन साकेत के समीप स्थित आई.टी.आई.-तानसेन चैक में अशोक स्तंभ का निर्माण कराया है, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने जनप्रतिनिधियों, निगम के अधिकारियों व आमनागरिकों की उपस्थिति में उक्त नवस्थापित अशोक स्तंभ का लोकार्पण किया।





# पर्यावरणीय स्वीकृति के इंतजार में रजगामार खदान से कोयला उत्पादन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की रजगामार भूमिगत कोयला खदान का संचालन किया जाता है। यह खदान पिछले साल से अघोषित तौर पर बंद है। यहां से कोयला बाहर नहीं निकल रहा है। इसका बड़ा कारण पर्यावरणीय स्वीकृति में हो रही देरी को बताया गया है। खनन चालू करने के लिए कोयला कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति का इंतजार है लेकिन स्वीकृति नहीं मिल रही है। इसका बड़ा कारण खदान के आसपास वन भूमि का होना है।

रजगामार भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन भी उतारी जा चुकी है। मशीन लगाए जाने के बाद कोल कर्मियों को मशीन संचालन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण भी उपलब्ध करा दी गई है। कोल कर्मी कंटीन्यूअस माइनर मशीन के संचालन के लिए प्रशिक्षण ले चुके हैं। नागपुर की कंपनी द्वारा खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन लगाए गए हैं। हालांकि पर्यावरणीय स्वीकृति में देरी से पेंच फंसा हुआ है। दरअसल रजगामार की 6 व 7 नंबर की भूमिगत खदान पर्यावरणीय स्वीकृति के आभाव में लंबे समय से उत्पादन से बाहर हैं। खदान में लगभग 20 लाख टन तक उच्च श्रेणी का कोयला भंडार है। खदान को शुरु करने के लिए एसईसीएल द्वारा 37 करोड़ की राशि जमा करने के बावजूद अनुमति लंबित है जिससे उत्पादन पर संकट मंडरा रहा है। पर्यावरणीय अनुमति की अवधी समाप्त होने के कारण खदान का परिचालन रुका हुआ है। एसईसीएल ने वन एवं जलवायु पर्यावरण मंत्रालय में आवेदन किया है और खदान को फिर से शुरु करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। वहीं दूसरी ओर उत्पादन रुकने से गोड़मा खदान के कर्मचारियों को ढेलवाडीह के 4 व 5 नंबर खदान में स्थानांतरित कर दिया गया है। दरअसल वन भूमि सीमांकन अधिकारिक अनुमति की देरी मुख्य वजह बनी हुई है।



**खास बात**

- कंटीन्यूअस माइनर मशीन लगाए जाने के बाद अब स्वीकृति का इंतजार

### जमीन की संकट से जूझ रही खदानें

कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एसईसीएल कोयला खनन के लिए जमीन की संकट से जूझ रही है। जमीन की कमी के कारण कोयला खदानें एक.एक कर उत्पादन से बाहर हो रही हैं या वे अपने लक्ष्य के अनुसार खनन नहीं कर पा रही हैं। इससे कंपनी की समस्या समय के साथ गंभीर होती जा रही है। यह समस्या सबसे अधिक कोरबा जिले में स्थित मेगा परियोजना गेवराए दीपका और कुसमुंडा को लेकर सामने आ रही है। इसके साथ.साथ जमीन की समस्या से कोरबा शहर से लगी मानिकपुर कोयला खदान भी जूझ रही है। विकासखंड पाली में हाल ही में शुरू हुई अंबिका खदान की स्थिति भी ठीक नहीं है। इसके अलावा राज्य में अन्य कोयला खदानों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है।

# जिले के 572 परीक्षा केंद्रों में 22 मार्च को होगी साक्षरता की महापरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन महापरीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले के कुल 572 उल्लास केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग के मार्गदर्शन में इस महा अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय एवं जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती ज्योति शर्मा के नेतृत्व में सभी विकासखंडों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस साक्षरता अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कर जिले को साक्षरता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहयोग प्रदान करें।



***कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी कृष्णकांत जायसवाल सुभाष नगर दीपका के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता और आरोपी की पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने साथ जीवन बिताने के कई वादे किए थे, लेकिन जब उसने विवाह करने का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया और शादी से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### किसानों को दिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**रायगढ़।** तमनार क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छर्राटांगर में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के करीब 20 गांवों के डेढ़ सौ से अधिक किसान शामिल हुए।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिंदल फाउंडेशन के साथ मिलकर छर्राटांगर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया की पत्नी नींद्रावती राठिया थीं। अन्य अतिथियों में कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के प्रमुख व वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. बीएस राजपूत, वैज्ञानिक डा. केके पैकरा, एसडीओ क्षि इंदकुमार भगत, प्रभाष सिंहए श्रीकांत आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय, तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.......................................

ग्राम/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बाबूलाल पिता द्वारिकाप्रसाद देवांगन निवासी वार्ड नंबर 12 सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के नजूल शीट क्रमांक 21-डी. के भू-खण्ड क्रमांक 64 क्षेत्रफल 360 वर्ग मीटर पुरनलाल पिता प्रान देवांगन के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के खातेदार पुरनलाल की मृत्यु दिनांक 01.10.1986 को हो गया है। आवेदक मृतक का नाम विलोपित कर आवेदक एवं अन्य विधिक वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109,110 के तहत् आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि नजूल शीट क्रमांक 21-डी. के भू-खण्ड क्रमांक 64 क्षेत्रफल 360 वर्ग मीटर पर आवेदक एवं अन्य वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 01/04/2026 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-डी | 64 | 360 वर्ग मीटर |

**तहसीलदार (नजूल)**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

# सामान्य सभा में उठा वन क्षेत्रों में कैंपा मद से तालाब निर्माण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत की सामान्य सभा शुक्रवार को सभा कक्ष में आहूत की गई। यहां पेयजल, रेडी टू इट सप्लाई के साथ वन क्षेत्रों में कैंपा मद से किस गए तालाब निर्माण का भी सदस्यों के द्वारा उठाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण को लेकर भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई। कुछ मुद्दों को लेकर अध्यक्ष ने भी अधिकारियों से स्वयं जानकारी ली।

सामान्य सभा में सभी विभागों की समीक्षा एजेंडेवार आहूत की गई। सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में एजेडों पर समीक्षा की कार्यवाही शुरु की। जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया, सावित्री अजय कंवर, विद्वान सिंह मरावी, अजय नेटी सहित सभा में उपस्थित अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह के द्वारा समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में सड़क निर्माण की जानकारी ली। अध्यक्ष के द्वारा ग्राम पंचायतों को दी जाने वाली मूलभूत की राशि का भी मुद्दा उठाया गया। बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा ने कटघोरा वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में कैंपा मद से वन्य प्राणियों के लिए किए गए तालाब निर्माण की जानकारी कटघोरा डीएफओ से जानकारी ली। इस पर डीएफओ के द्वारा जानकारी लेने की बात कही गई। इसी तरह सदस्यों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के समय पेयजल समस्या का मुद्दा उठाया गया। बैठक में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता रमन उरांव ने कहा कि बजट नहीं होने के कारण विभाग के द्वारा नहीं किया जा सकता।

# भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या के आरोपी खेमराज यादव को उसके भाई पीतांबर यादव की हत्या कर दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई एवं अर्थ दंड से दंडित किया। मामले का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अपर लोक अभियोजक राजेशसिंह ठाकुर ने बताया कि मामला थाना धरमजयगढ़ के ग्राम रामपुर की है। मृतक पीतांबर एवं आरोपी खेमराज यादव सगे भाई हैं जिनके बीच जमीन बंटवारा हो गया था, किन्तु आरोपी खेमराज अपने छोटे भाई पीतांबर यादव को महुआ पेड़ के बटवारे पर विवाद करता था। थाना धरमजयगढ़ के अनुसार मृतक पीतांबर के पुत्र मनोज यादव ने थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई की गांव के कुधरी डॉड़ में महुआ का पेड़ है, घटना के दिन वह अपने माता-पिता के साथ महुआ बीनने के लिए गया था उसकी छोटी बहन और छोटा भाई भी महुआ बिने गए थे। जब ये लोग महुआ बीन रहे थे तभी उसके मंझले बड़े पिता आरोपी खेमराज यादव आया और महुआ को नहीं बीनने दूंगा कहकर उसके पिता को महुआ को मत उठाओ नहीं तो पुराना बदला लूंगाए सबको जान से मार दूंगा कहकर अपने छोटे भाई पितांबर यादव के पेट में चाकू से मारा जिससे पीतांबर यादव के पेट में गंभीर चोट आई और वहीं पर गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

## लाइफ Style

# वामिका
## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्यमयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

## टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और



चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोजे रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोजे नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोजे नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'

# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



## उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

## किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सर्वेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### सोनियापाठ में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत सोनियापाठ में सोननदी के किनारे स्थित सोनियापठहीन दाई मंदिर परिसर में 19 मार्च गुरुवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पंडित कृष्णा तिवारी (तागा वाले) और आचार्य पंडित सोनू तिवारी ने सोननदी से जल भरकर कलश यात्रा निकाली तथा विधि-विधानपूर्वक वेदी पूजन कर कथा की शुरुआत की। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से देर शाम तक आयोजित की जा रही है। 21 मार्च को ध्रुव चरित्र, पुरंजन पुरांजनी की कथा सुनाई। 22 मार्च को जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, 23 को वामन चरित्र, श्रीराम, कृष्ण जनोत्सव, 24 मार्च को बाल लीला, गोवर्धन पूजा, 25 मार्च को महारास लीला, रूखमणि विवाह, 26 मार्च को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौती, 27 मार्च को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन सहस्त्रधारा के साथ कथा का समापन होगा । इस संगीतमय आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का आनंद ले रहे हैं।

### भाजपा ग्रामीण मंडल के मनीष उपाध्यक्ष एवं दीपक बने महामंत्री

**अकलतरा।** भाजपा अकलतरा ग्रामीण मंडल के द्वारा मनीष धीवर को उपाध्यक्ष एवं दीपक पटेल को



महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर मनीष धीवर एवं दीपक पटेल के द्वारा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह एवं संगठन के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंच कर पार्टी को मजबूत करने की बात कही गई है। इनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

### शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा के छात्र का नवोदय में चयन

**मोहतरा - केरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा के कक्षा पांचवीं के छात्र कमल कांत यादव का चयन



पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा के लिए हुआ है। मोहतरा गांव से यह दूसरा अवसर है जब किसी छात्र ने नवोदय विद्यालय में स्थान प्राप्त किया है, जिससे पूरे गांव में खुशी का माहौल है। कमल कांत यादव, भागवत यादव एवं श्रीमती सुभद्रा यादव के सुपुत्र है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि छात्र की सफलता में मोहल्ला क्लास तथा नवाजतन पद्धति से की गई पढ़ाई का विशेष योगदान रहा है। छात्र के चयन पर विद्यालय के प्रधान पाठक रामशरण कुंभकार, सम्मे लाल जावेर, शिक्षक चंद्रशेखर देवांगन, राम कृष्ण देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भागीरथी पटेल, सदस्य पहल युवा समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल सहित समस्त ग्राम वासियों में हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### गणेश तिवारी

**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक तथा भाजपा नगर मंडल चांपा के



पूर्व महामंत्री पुलिस थाने के पीछे संजय नगर निवासी गणेश तिवारी का शनिवार 21 मार्च को दोपहर निवास पर निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। स्व. तिवारी अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं चार पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ही सायं 5.30 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र संतोष तिवारी ने दी।

ईदगाह में हुई विशेष नमाज, घरों में बंटी सेवाईयां

# ईद पर भाईचारे, अमन और सद्भाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मुसलमानों का पवित्र त्यौहार ईद-उल-फितर शनिवार 21 मार्च को अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान ईदगाह में विशेष नमाज अदा की गई। घरों में सेवाईयां बांटी गई। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की खुशियां बांटी।

ईद उल फितर के अवसर पर नगर के कांग्रेसजनों ने क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में नैला ईदगाह पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी और सभी ने एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार हमें त्याग, प्रेम, करुणा और आपसी सहयोग का संदेश देता है। यह पर्व समाज में समानता, भाईचारे और इंसानियत की भावना को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि आज के इस पावन दिन पर हम सभी को मिलकर समाज में अमन-चैन, भाईचारा और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। कांग्रेसजनों ने ईदगाह में उपस्थित होकर खुदा से दुआ की कि हमारे क्षेत्र सहित पूरे देश में शांति, सौहार्द और एकता बनी रहे तथा सभी समुदाय मिलजुलकर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ें। इस दौरान रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, परमेश्वर निर्मले ने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता में एकता है, और ऐसे पर्व हमें इसी एकता को सशक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के रफीक सिद्दीकी, रफीक खान, राजा बाबू, पप्पू खान, खुद्दुस खान, अरमान खान, अशरफ खान, राजा सिद्दीकी, राजा खान, अतीक कुरैशी, शाहबाज खान, रियाज अंसारी, रियाज खान, शहीद बाबा, राजू खान, फिरोज खान, फिरदौस खान, गौसिया खलील खान, शकील मनिहार, उस्मान खान, मोहसिन खान, सादिक मोहम्मद, जफी सिद्दीकी, शफीक खान, बशीर खान, फरीद खान, जलालुद्दीन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



नैला ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद देते विधायक एवं कांग्रेसजन।

## नवरात्रि में मां महामाया मंदिर में उमड़ रही आस्था की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह के बस्ती में स्थित प्राचीन मां महामाया मंदिर में इन दिनों नवरात्रि के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां महामाया के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।



- दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु, भक्ति गीत व पूजा-अर्चना से गुंज रहा मंदिर परिसर

क्षेत्र के अलावा आसपास के गांवों और दूरदराज के इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर भक्ति गीतों, पूजा-अर्चना और जयकारों से गूंज रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है । भक्त मां महामाया के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि तथा परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। कई श्रद्धालु अपने नए कार्य की शुरुआत से पहले भी यहां आकर माता के चरणों में माथा टेकते हैं। मंदिर से जुड़े बुजुर्गों का कहना है कि मां महामाया मंदिर का इतिहास कई पीढ़ियों पुराना है। गांव में किसी भी शुभ कार्य या नई शुरुआत से पहले यहां आकर माता को जानकारी देना और आशीर्वाद लेना परंपरा का हिस्सा माना जाता है। इसी कारण पूरे गांव में मां महामाया को गांव की आराध्य देवी के रूप में पूजा जाता है और हर बड़े निर्णय से पहले मंदिर में हाजिरी लगाना जरूरी माना जाता है । नवरात्रि पर्व पर मंदिर में सुबह और शाम विशेष पूजा-अर्चना किया जा रहा है। भक्तजन दीप जलाकर माता की आराधना कर रहे हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता से प्रार्थना कर रहे हैं।

**नवरात्रि में अखंड ज्योत से जगमगा रहा मंदिर परिसर**-मां महामाया समिति के अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में शुद्ध घी और तेल से अखंड ज्योत जलाने की परंपरा है। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार अखंड ज्योत जलवाते हैं। कई लोग अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना से ज्योत जलवाते हैं तो कई श्रद्धालु किसी नए काम की शुरुआत से पहले माता के दरबार में दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद लेते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में सैकड़ों ज्योत जलने से पूरा परिसर दिव्य रोशनी से जगमगाता रहता है।

**विशेष प्रसाद की परंपरा आज भी कायम**-मंदिर के पुजारी शीतल डडसेना ने बताया कि यहां वर्षों से एक विशेष प्रकार का प्रसाद चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। गेहूं के आटे से चिला बनाकर उसे दूध, केला, काजू, किसमिस और शुद्ध देसी घी के साथ मिलाकर विशेष प्रसाद तैयार किया जाता है। इस प्रसाद को माता को अर्पित करने के बाद भक्तों में वितरित किया जाता है।

### यंग कमेटी के सदस्यों ने राहगीरों और नामाजियों को पिलाया शरबत



**जांजगीर।** देश, प्रदेश के साथ शनिवार को जिले में भी ईद उल फितर का नमाज अदा किया गया। शारदा चौक के पास स्थित ईदगाह में जांजगीर शहर के मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे नमाज अदा किया गया। इस खास मौके पर गौसिया अंजुमन यंग कमेटी जांजगीर के तरफ से नामाजियों को शरबत पिलाया गया। इस खास मौके पर मौके पर यंग कमेटी जांजगीर के अध्यक्ष शाहबाज पप्पू खान एवं गौसिया यंग अंजुमन कमेटी के सभी मेंबर मौजूद थे।

### मुस्लिम समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद-उल-फितर

**सक्ती।** नगर सहित अंचल के मुस्लिम समुदायों द्वारा प्रेम और भाईचारे का प्रतीक ईद-उल-फितर उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को सुबह नगर के मुस्लिम धर्मावलंबी कंचनपुर स्थित ईदगाह में एकत्रित हुए, जहां सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के मौलाना पेश इमाम साहब मोहम्मद सैफुल्लाह मिस्बाही द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई। मौलाना सैफुल्लाह मिस्बाही ने हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जीवन और उनके महान संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब ने हमेशा मानवता की सेवा, दुखियों का दर्द बांटने और समाज में अमन-चैन बनाए रखने की शिक्षा दी है। इस्लाम हमें भूखों को खाना खिलाने, बीमारों की सेवा करने और आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर रहने की सीख देता है। हमें उनके बताए नेक रास्तों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। नमाज संपन्न होने के बाद सभी ने एक-दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारक दी और खुशियां बांटी। ईदगाह में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर से:हाजी तय्यब अली, महबूब खान, हाजी जायसी साहबहाजी नबी साहब, हाजी मुनव्वर खान, हाजी शकील भाई हाजीगनी भाई, हाजी वाहिद भाई असलम भाई, फारुख खान, सफीक भाई काजी भाई, रियाजुद्दीन, कलीम भाई, जमीर खान, रईस भाई, जफर खान यासीन अली, हबीब खान, हुसैन भाई,गुलाम भाई, जमाल भाई, मोहम्मद अजलालरज्जब अली, शम्स तबरेज खान, अयाज खान, कामिल खान, नौशाद खान, शमशाद खान,इकबाल खान, वसीम खान, समद खानसेठी नासिर भाई, शकील खान, इब्राहिम खान, मजीद खान,शेख नजीर रिजवान खान,सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



## कोशला में आयोजित देवी भागवत में माता की महिमा का हो रहा बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

नवरात्रि पर्व पर देवी भागवत का भव्य आयोजन कोसला धाम के डोंगाई पाठ कंजी नाला में किया गया है। शुभारंभ 19 मार्च को हुआ तथा समापन 27 मार्च को होगा। भागवत कथा का आयोजन कश्यप परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन का शुभारंभ गुरुवार 19 मार्च को भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा, वेदी पूजन और महाकाली कथा के साथ हुआ।

कथा व्यास पंडित अनिल शर्मा (कोसला वाले) अपने मुखारविंद से देवी भागवत के गूढ़ रहस्यों और माता की महिमा का बखान कर रहे है। नौ दिवसीय भागवत कथा में प्रथम दिवस 19 मार्च को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन। हुआ। द्वितीय से पंचम दिवस हयग्रीव अवतार, मणिद्वीप वर्णन, नवरात्रि व्रत महिमा एवं महिषासुर प्रसंग। षष्ठम से अष्टम दिवसः सूर्यवंश वर्णन, सती चरित्र, शिव विवाह एवं महालक्ष्मी चरित्र। नवम दिवस (27 मार्च) सदाचार वर्णन, कथा विश्राम, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा का आयोजन होगा । इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान शशिभूषण कश्यप एवं भुवनेश्वरी कश्यप हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से माता रानी की कृपा तक संगीतमय कथा की अमृत वर्षा होगी। आयोजन को सफल बनाने कार्यक्रम के मार्गदर्शक संतुराम कश्यप एवं टाकेश्वरी कश्यप सहित समस्त कश्यप परिवार और ग्रामवासी जुटे हुए हैं। संगीतमय श्रीमद देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। आयोजक समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों से सपरिवार उपस्थित होकर कथा का रसपान करने अपील की है।



## हिन्दू नववर्ष पर सती दाई की हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

लछनपुर चांपा स्थित रानी सती दादी मंदिर परिसर में हिंदू नववर्ष के प्रथम दिवस पर अमाव पाण्डेय परिवार की कुल देवी माता सती दाई की भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

**खास बात**
- ज्योतिषाचार्य डॉ. शर्मा द्वारा रचित सती महा आरती का हुआ विमोचन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने कहा कि व्यक्ति को धन, संपत्ति एवं बल का अभिमान नहीं करना चाहिए, किंतु महान विभूतियों को जन्म देने वाले अपने कुल पर गर्व अवश्य करना चाहिए। उन्होंने देश-विदेश में फैले पाण्डेय परिवार को एक मंच पर लाने के इस प्रयास को सराहनीय बताया। विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर भरत महाराज ने कहा कि माता सती किसी एक कुल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्वरूप हैं। दुर्ग से पहुंचे भगवताचार्य मनोज पाण्डेय ने अमाव पाण्डेय परिवार के आदिपुरुष श्री पाण्डेय की जीवन यात्रा एवं विशाल वंश वृक्ष का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने पाण्डेय कुल की बहू प्रतिमा देवी के सती होने की ऐतिहासिक घटना का भी भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। इसके पूर्व इसके पूर्व ज्योतिषाचार्य डॉ. राजेंद्र शर्मा द्वारा रचित माता सती की आरती पुस्तिका का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। इसके बाद माता सती की सस्वर महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के आयोजक ज्योतिषाचार्य डॉ. राजेंद्र शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पूरे पाण्डेय परिवार को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम है। महाआरती से पूर्व प्रातःकाल पाण्डेय परिवार के सदस्यों ने नैला सिवनी स्थित गतवा तालाब के समीप माता सती मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा चंडी मंदिर से कीर्तन करते हुए रैली निकाली। कार्यक्रम में ग्राम सिवनी में माता सती का भव्य मंदिर निर्माण करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में रघुराज पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अजय पाण्डेय, अटल पाण्डेय, राधेमोहन पाण्डेय एवं प्रकाश पाण्डेय, हरिराम पांडेय, लखेश्वर पांडेय, छेदीलाल पाण्डेय, ईश्वर पाण्डेय, श्याम सुंदर पांडे, लक्ष्मीकुमार पाण्डेय, राघवेंद्र सरकार पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, रामरतन पाण्डेय, अरुण पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



पुस्तक का विमोचन करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास एवं अन्य अतिथिगण।

## संस्कार भारती कलाकारों एवं प्रतिभाओं का उत्थान के लिए प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

संस्कार भारती जिला इकाई सक्ती द्वारा आयोजित हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में सम्पन्न हुआ। अतिथि के रूप में डॉ. शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हॉस्पिटल बिर्रा, मणिलाल कश्यप वरिष्ठ एवं समाजिक कार्यकर्ता कांग्रेसी बिर्रा, दिनेश चंद्रा संचालक देव पब्लिक स्कूल बिर्रा, डी एन देवांगन वरिष्ठ पत्रकार, मनोज दास प्राचार्य डीपीएस बिर्रा रहे।

प्रथम सत्र कार्यक्रम में स.शि. म.बिर्रा से कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें संस्कार भारती के पदाधिकारी गण शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में भागवताचार्य एवं देवी उपासक पं. सोमनाथ शर्मा नर्मदापुरम म.प्र. रहे। अपने उद्बोधन में पं. सोमनाथ शर्मा ने कहा कि वर्ष में साढ़े तीन दिनों के सिद्धकाल होते हैं एक दिन होली का , एक दिन अक्षय तृतीया का और एक दिन आज गुड़ी पड़वा का तथा आधा अर्थात दीपावली की महानिशा। आज सिद्धकाल है। सभी कलासाधक जन आज कलाजननी भगवती से प्रार्थना कर अपनी कला को सिद्ध कर सकते हैं। मणिलाल कश्यप ने कहा संस्कार भारती कलाकारों एवं प्रतिभाओं का उत्थान के लिए सतत प्रयासरत है। डॉ. शुभम ने कहा कि हिन्दू 'नववर्ष ही वास्तविक नववर्ष है , इसमें प्राकृतिक परिवर्तन होता है और प्रकृति में एक नवीनता आ जाती है। दिनेश चंद्र ने कहा कि हमारा नववर्ष शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्र से शुरू होता है, जो हमारी संस्कृति में मातृशक्ति की महत्ता को साक्षीभूत करता है। डी. एन.देवांगन ने कहा कि हिन्दू नववर्ष प्रत्येक घर घर मे मनानाना चाहिए और संस्कार भारती इस कार्यक्रम को संगीत आदि विधाओं के माध्यम से मनाता है , जो प्रशंसनीय है। कार्यक्रम को मनोज दास ने भी संबोधित किया।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## कटनई में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का शुभारंभ

**अकलतरा।** ग्राम कटनई के दीवान परिवार के द्वारा श्रीमद् देवी भागवत महापुराण अंबा यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कथा वाचक एवं व्यासपीठ पंडित अनिल शुक्ला (बसहा वाले) के निर्देशन में श्रद्धालुओं के द्वारा ग्राम के तालाब से कलश में पानी भरकर ग्राम भ्रमण करते हुए कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंची ,जहां विधिवत पूजन अर्चन के साथ श्रीमद् देवी भागवत पुराण अंबा यज्ञ का शुभारंभ किया गया। 19 से 28 मार्च तक व्यास पीठ से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से कथा वाचन किया जाएगा। इस दौरान 26 मार्च को प्रसिद्ध कवियों के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन एवं 27 मार्च को दीवान परिवार के बटुकों का उपनयन संस्कार भी किया जाएगा। दीवान परिवार कटनई, अकलतरा, हतबंध, किरारी एवं बनारी के द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया है।



## तीसरे दिन धरना समाप्त कराने पहुंचे तहसीलदार, आंदोलनकारियों का आक्रोश देख बैरंग लौटे

**सक्ती।** तीन दिन से धरने में बैठे सवरियां आदिवासियों का धरना खत्म करने अधिकारी लगातार कोशिश कर रहे है मगर अपनी मांगो को लेकर आदिवासी परिवार अब भी डटा हुआ है। धरने में बैठे लोगों को समझाइश देने शनिवार 21 मार्च को तहसीलदार अपने अमले के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन आंदोलनरत परिवार प्रदर्शन में डटा रहा। ऐसे में तहसीलदार को बैरंग लौटना पड़ा।

- दो सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में डटा आदिवासी परिवार

गौरतलब है कि सवरिया आदिवासी परिवार द्वारा गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के एक नेता पर गंभीर आरोप लगाते हुए गुरूवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। आंदोलनकारी परिवार का आरोप है कि गोंगपा नेता द्वारा धमकी देकर ब्लैकमेलिंग की जा रही है। वहीं पूर्वजों की जमीन को सरकारी घोषित कराने की धमकी देकर 5 लाख की मांग कर रहा है। इधर आंदोलन के तीसरे दिन शनिवार 21 मार्च को तहसीलदार एल के कोरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने आंदोलनकारी परिवार को समझाईश दी, लेकिन परिवार गोंगपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ा रहा। इधर गोंगपा नेता की शिकायत लेकर कई व्यापारी भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से शिकायत की। व्यापारियों ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें भी कई बार ब्लैकमेलिंग कर परेशान किया जा चुका है। मौके पर उक्त गोंगपा नेता के गिरफ्तारी की मांग की गई। वही अधिकारियों को अपने दो सूत्रीय मांगों से अवगत कराते हुए पत्र दिया। तहसीलदार ने मांगे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया।



आंदोलनकारी परिवार को समझाइश देते तहसीलदार।







